प्रादेशिक समाचार
22.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच के वार्षिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड ने क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत किया। इस दौरान रेखांकित किया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा चिन्हित चौबीस में से बीस क्रिटिकल मिनरल्स का प्रमुख केन्द्र झायरखंड है, जो ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में अहम भूमिका निभाता है। इस मौके पर जिम्मेदार खनन, सतत आपूर्ति श्रृंखला और 'प्रकृति के साथ विकास' के विजन पर सहमति बनी। साथ ही झारखंड की भूवैज्ञानिक क्षमता को दर्शाती कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया।

****

रांची में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से सांसदों के लिए मंडलीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, चाईबासा सांसद जोबा मांझी, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो और राज्य सभा सदस्य महुआ माजी समेत रांची और चक्रधपुर रेल मंडल के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर रेल सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया।

****

नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन चल रहा है, जिसका आज दूसरा दिन है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। फिलिपिंस के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड की ओर से मेजबानी कर रहे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार की अगुवाई में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ बैठक की। इस दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती में चुनाव प्रणाली और चुनाव प्रबंधन पर विमर्श हुआ।

****

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। शाम साढ़े चार बजे उनका रांची आगमन होगा और वे रात्रि विश्राम लोकभवन में करेंगे। नौसेना प्रमुख कल रांची के सीसीएल सभागार में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ विद्यार्थियों को विकसित भारत का विजन देंगे। राजधानी के एक स्कूल में भी उनका विकसित भारत पर संवाद कार्यक्रम निर्धारित है। श्री त्रिपाठी इसके अलावा रांची क्लब में सांसद कला महोत्सव के तहत चित्रकला प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में आज सवेरे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। बहदा और कुमडीह के बीच दुर्दूरा जंगल में हुई इस कार्रवाई में कई इनामी नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों से खुद को घिरता देख नक्सली घने जंगलों का लाभ लेकर फरार हो गये। हालांकि इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

****

राजधानी रांची सहित राज्यभर में कल विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिख रहा है। रांची में कई स्थानों पर सरस्वती पूजा के भव्य आयोजन की तैयारी है। उधर जामताड़ा जिले में सरस्वती पूजा को लेकर भक्तिमय वातावरण देखा जा रहा है। भव्य पूजा पंडालों मे मां सरस्वती की आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

****

धनबाद जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र के बलियापुर रोड स्थित बिजली विभाग के गोदाम में आज अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना से पूरे इलाके में अफरा–तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। हालांकि दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगलगी की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने की संभावना जतायी जा रही है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**********समाप्त***************